# नियमित बाल्यावस्था टीकाकरण

**टीके आपके बच्चे को गंभीर और प्राणघातक बीमारियों से सुरक्षित रखने का महत्वपूर्ण तरीका हैं।**

## बाल्यावस्था के टीकों के लाभ

- टीकों से विश्व स्तर पर हर साल 3.5 से 5 मिलियन मौतों की रोकथाम होती है और ये कई दशकों से उपलब्ध हैं।
- बाल्यावस्था वाले टीके, टीके से रोकथाम की जाने योग्य 15 बीमारियों से रक्षा करते हैं।
- बाल्यावस्था टीकाकरण कार्यक्रम बच्चों को गंभीर और टीके से रोकथाम योग्य संभावित रूप से प्राणघातक बीमारियों की चपेट में आने से पहले जीवन में प्रतिरक्षा प्रदान करने के लिए बनाए जाते हैं। अधिकतम रक्षा देने के लिए कुछ टीकों की एक से अधिक खुराक अपेक्षित होती है।
- टीके रक्षा विकसित करने में शरीर की मदद करते हैं

## टीके की सुरक्षा

- टीका लगवाना उन बीमारियों से ग्रस्त होने से अधिक सुरक्षित है जिनसे टीके रक्षा करते हैं।
- इससे पहले कि टीके कनाडा में उपयोग किए जा सकें, सभी टीकों को सुरक्षा, प्रभावशीलता और गुणवत्ता का आकलन करने वाली समीक्षा प्रक्रिया से गुज़ारा जाता है। उपयोग किए जाने पर, टीकों की सुरक्षा और प्रभावशीलता के लिए इनकी निगरानी जारी रहती है।
- टीकाकरण के बाद हल्के दुष्प्रभाव सामान्य हैं। इनमें चिड़चिड़ापन, हल्का बुखार, हल्का दर्द, सूजन या टीका लगवाने वाले स्थान पर लालिमा सम्मिलित हो सकते हैं। ये दुष्प्रभाव (साइड इफेक्ट्स) अस्थायी हैं और चिंता का विषय नहीं हैं। यह आपके बच्चे के शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया विकसित करने की प्रक्रिया है, जो उसे संक्रमण से बचाने में मदद करती है।

## यदि आपके बच्चे का टीका छूट गया हो

- यदि आप अपने बच्चे के टीकाकरण कार्यक्रम में पीछे रह गए हैं, तो आप उसे अब भी लगवा सकते हैं। अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को सूचित करें ताकि आप मिलकर कार्यक्रम में वापसी करने के लिए काम कर सकें

**यदि टीकों के बारे में आपके प्रश्न हैं, तो किसी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें या Canada.ca/childhood-vaccines पर जाएं।**



© महामहिम किंग इन राइट ऑफ कैनेडा, जैसा कि स्वास्थ्य मंत्री, 2025 द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया है
Pub: 240938 | Cat: HP40-358/2025Hin-PDF | ISBN: 978-0-660-76175-6